| |
|---|
| दिनांक 26.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 33/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एस0टी0एफ0–अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के 06 सदस्य 4.131 कि0ग्रा0 अवैध अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रूपये ) के साथ गिरफ्तार ।**

दिनांक 25–10–2025 को अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले गिरोह के 06 सदस्यों को मय 4.131 कि0ग्रा0 अवैध अफीम के साथ जनपद बरेली से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुयी ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–**

1– तेजराम पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम अजोध्या मजरा देवकोला, थाना आंवला, जनपद बरेली। उम्र 30 वर्ष

2– अंकित सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह नि0–ग्राम मनौना, थाना आंवला, जनपद बरेली। उम्र 27 वर्ष

3– शेर सिंह पुत्र चन्द्रपाल नि0–ग्राम बिलोरी, थाना आंवला, जनपद बरेली। उम्र 33 वर्ष।

4– चन्दन यादव पुत्र ज्ञानी यादव नि0–ग्राम नगवां, थाना इटखोरी, जनपद चतरा, झारखण्ड राज्य। उम्र 21 वर्ष

5– मण्टू कुमार पुत्र स्व0 स्व0 मनोज यादव नि0–न्यूरी कर्मा पो0–दादपुर, थाना चौपारन, जनपद हजारीबाग, झारखण्ड। उम्र 19 वर्ष

6– राजकुमार उर्फ देवांश वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा नि0–ग्राम करेली, थाना सुभाष नगर जनपद बरेली। उम्र 22 वर्ष

**बरामदगी–**

1– 4.131 कि0ग्राम0 अफीम अवैध (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रूपये )

2– 02 अदद कार (आई10–14–बीजेड–9433 व मारूति फ्रान्क्स यू0पी0–25–ईएच–9571)

3– 06 अदद मोबाइल फोन

4– 4,340/–रू0 नकद

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

कैण्ट से बरेली जंक्शन जाने वाले रोड पर विजय द्वार से 50 मीटर आगे, थानाक्षेत्र कैण्ट, जनपद बरेली। समय 20:57 पर दिनांक 25–10–2025।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रहीं थीं। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों व इकाइयों को अभिसूचना संकलन व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 25–10–2025 को उ0नि0 अमित कुमार के नेतृत्व में मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल मु0आ0 रामजी लाल, मु0आ0 शिवओम पाठक, आ0 संजय यादव, मु0आ0 कुलदीप, मु0आ0 अरूण कुमार, मु0आ0 कुशांक, मु0आ0 सुनित द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 06 सदस्यो को थाना कैण्ट जनपद बरेली क्षेत्रान्तर्गत मय 4.131 कि0ग्रा0 अफीम के गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुयी ।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त चन्दन यादव ने पूछताछ पर बताया कि वह और मण्टू रांची निवासी सुदेश यादव से अफीम लाकर जनपद बरेली में उसके बताये गये स्थान व व्यक्तियों को देते हैं। उक्त अफीम का रूपया माल खरीदने वाला व्यक्ति सीधे सुदेश यादव के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर देता है।

अभियुक्त शेर सिंह व तेजराम ने बताया कि वह सुदेश यादव से अफीम खरीदते हैं। अफीम को सुदेश चन्दन व मण्टू के माध्यम से बरेली भिजवाता है, जिसकी हम लोग कैण्ट क्षेत्र में डिलीवरी ले लेते हैं, क्योकि कैण्ट पॉश इलाका है व सुनसान रहता है इसलिए यह हमारे लिए सुरक्षित स्थान है। शेर सिंह व तेजराम ने बताया कि वे दोनों अफीम की सप्लाई दिल्ली–एन0सी0आर0, हरियाणा, पंजाब व बरेली में स्थानीय स्तर पर करते है जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा होता है।

समस्त 06 नफर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कैण्ट, जनपद बरेली पर मु0अ0सं0–577/25 धारा 8/18/29/60 एन0डी0पी0एस0 अधि0 पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना कैण्ट जनपद बरेली द्वारा की जायेगी।

## जनपद हरदोई/थाना कोतवाली देहात

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **07 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 26.10.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—अभितेश उर्फ अभयराज सहित अभियुक्त 2—पंकज उर्फ भुल्लन 3—अंफुल उर्फ सुमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 07 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त अभितेश उर्फ अभयराज शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अभितेश उर्फ अभयराज निवासी हरिपुग्रन्ट थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2—पंकज उर्फ भुल्लन निवासी ग्राम जनकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

3—अंफुल उर्फ सुमित निवासी ग्राम जनकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1—07 हजार 500 रूपये नगद।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना चोला

- **पुलिस कार्यवाही में 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 25/26.10.2025 को थाना चोला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पचौता गेट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से

मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अफसर घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़, बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना चोला व थाना नरसैना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चोला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अफसर निवासी ग्राम पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़, हालपता ए—537 गली नं0—15, ए ब्लॉक राजीव नगर खजूरी खास नई दिल्ली।

**बरामदगी**

1—लूट के नगद रूपये।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—01 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना बाजारखाला

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख रूपये नगद**
- **चोरी के लगभग 500 ग्राम सफेद धातु के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 25.10.2025 को थाना बाजारखाला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भूसा मंडी से माल गोदाम जाने वाले रास्ते पर पीपल

पेड़ के पास से 04 अभियुक्तों 1—असगर अली 2—अब्दुल रहमान उर्फ समीर 3—फहद अहमद उर्फ सद्दाम 4—अरसू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख रूपये नगद, चोरी के लगभग 500 ग्राम सफेद धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.10.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बाजारखाला पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बाजारखाला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—असगर अली निवासी नबी नगर नौबस्ता पुलिया थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ।

2—अब्दुल रहमान उर्फ समीर निवासी अजीज नगर नौबस्ता पुलिया थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ।

3—फहद अहमद उर्फ सद्दाम निवासी अन्ना मार्केट प्रीति नगर थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ।

4—अरसू निवासी नौबस्ता पुलिया गायत्री नगर थाना मड़ियांव कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—चोरी के 01 लाख रूपये नगद।

2—चोरी के लगभग 500 ग्राम सफेद धातु के आभूषण।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद झाँसी/थाना नवाबाद

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 69 लाख 78 हजार 642 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 कार बरामद**

दिनांक 26.10.2025 को थाना नवाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भगवन्तपुरा रोड से करगुआं जी की तरफ जाने वाले रास्ते

पर चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–अंशुल घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–जीवन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 69 लाख 78 हजार 642 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 कार बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अंशुल निवासी नैनागढ़ थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।

2–जीवन निवासी नैनागढ़ थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी।

**<u>बरामदगी</u>**

1–धोखाधड़ी के 69 लाख 78 हजार 642 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 कार।

**<u>जनपद बदायूँ/थाना मूसाझाग</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 25/26.10.2025 को थाना मूसाझाग पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सराय पिपरिया के पास से अभियुक्त वंश को गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध हेरोइन, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना मूसाझाग पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वंश निवासी मो0 अर्जुन नगर वार्ड नं0–07 कस्बा व थाना दातागंज जनपद बदायूं।

**बरामदगी**

1–लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–01 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल।

————————